This question paper contains 4+1 printed pages]

आपका अनुक्रमांक..............................

5705

Concurrent Course for Hon. Prog. C

समवर्ती ऑनर्स प्रोग्राम पाठ्यक्रम

HINDI LANGUAGE (Higher)—Qualifying Course

हिंदी भाषा (उच्चतर)—योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

(प्रवेश-वर्ष 2005 और तत्पश्चात्)

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

नोट:— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में एवं टिप्पणियाँ लगभग 150 शब्दों में लिखिये ।

खण्ड-1

1. आजादी से पहले की हिंदी भाषा की स्थिति पर प्रकाश डालिए ।

P.T.O.

अथवा

राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में हिंदी की भूमिका स्पष्ट कीजिए । 6

2. राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की भूमिका पर प्रकाश डालिए । 6

3. संचार माध्यम की अवधारणा पर विचार कीजिए ।

अथवा

"फिल्मी गीतों की भाषा ने आम जनता की भाषा को प्रभावित किया है ।" उदाहरण सहित विवेचन कीजिए । 6

4. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : 12

(1) रेडियो धारावाहिकों की भाषा

(2) किसी समाचार-पत्र के संपादकीय की भाषा

(3) फीचर की भाषा

(4) खेल समाचार की भाषा

(5) मानक भाषा ।

खण्ड-2

5. अपने क्षेत्र के चौराहे पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था करवाने के लिए पुलिस उपायुक्त, यातायात को पत्र लिखिए ।

अथवा

शिक्षक पद के लिए स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए । 4

6. (क) किन्हीं **चार** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 2

Autonomous, Audience, Bearer, Bye-law, Circular, Capital, Editorial, Globalisation.

(ख) किन्हीं **चार** प्रशासनिक अभिव्यक्तियों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 2

Accepted for payment. Needful has been done. Please speak. Seen. thanks. Submitted for orders. The proposal is self-explanatory. Carried forward.

(ग) किन्हीं **चार** मुहावरों-लोकोक्तियों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 2

Easy come easy go. Hold your mouth, Apple of one's eye, Pull one's leg, To clear the air, To walk on air.

7. 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत' का पल्लवन कीजिए । 4

अथवा

निम्नलिखित अवतरण का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए :

अनुशासन जीवन की प्रत्येक स्थिति में अत्यंत आवश्यक है । यह सैनिक की आत्मा है । इसके बिना सेना भीड़ के समान

है । परिवार में सद्‌भाव और मेल बनाए रखने के लिए, साथ ही समाज और राष्ट्र में शांति और सद्‌भावपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए इसकी बड़ी आवश्यकता है । अनुशासन के बिना हम पशु से कम नहीं हैं । ईश्वर की सृष्टि में यदि अनुशासन न हो तो अराजकता फैल जाएगी और यह विश्व तुरंत ही अस्त-व्यस्त हो जाएगा ।

8. किसी एक विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए : 6

(क) ग्लोबल वार्मिंग

(ख) छात्र-संघ चुनाव

(ग) महंगाई की मार

(घ) टी.वी. कार्यक्रमों में बाल-कलाकार ।